Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 23 February 2020
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-11 Issue - 38

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में हुई हिंसा में मरने वालों की संख्या 38 तक पहुंच गई है। वे इलाके जो हिंसा से प्रभावित थे, वहां मरघट जैसा सन्नाटा पसरा है। रात में सड़कों पर रैपिड ऐक्शन फोर्स के अलावा कोई नजर नहीं आ रहा है।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
प्लान बदला, इंदिरापुरम एक्सटेंशन के नाम से...

पेज नंबर 5
Bodies of two youths found in Bulandshahr...

TIRUPATIEYE

गोल्फ लिंक सोसायटी में फ्लॉवर शो शुरू

गाजियाबाद : एनएच–9 स्थित गोल्फ लिंक सोसायटी में 28 फरवरी से 1 मार्च तक चलने वाले तीन दिवसीय फ्लॉवर शो शुक्रवार से शुरू हो गया। इसका आयोजन लैंडक्रॉफ्ट व हॉर्टिकल्चर एंड फलोरीकल्चर सोसायटीज द्वारा किया गया। इसमें विभिन्न शहरों के चटपटे व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए। फ्लॉवर शो के आयोजक ललित जायसवाल ने बताया कि इस बार का आकर्षण किचन गार्डन, टेरेस गार्डन, वर्टिकल गार्डन, लैंडस्कैपिंग, बोनसाई के साथ सेहत के लिए फायदेमंद पौधे है। रसायन रहित सब्जियों और फलों का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान योग, मेहंदी, टैटू, रंगोली, पतंगबाजी की प्रतियोगिताएं भी हुई। स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम पेश किया। बच्चों के लिए जादू का शो भी दिखाया गया।

परमानंद वाटिका सेक्टर–12 वसुंधरा में गंदगी के ढेर, सिर्फ कागजों में हो रही सफाई

शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे निगम अधिकारी, नहीं है लाइट व पैदल पथ की व्यवस्था

वसुंधरा : वसुंधरा सेक्टर–12 में लिंक रोड किनारे बनी परमानंद वाटिका में जगह–जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। ऐसा नहीं है कि इस बारे में नगर निगम को नहीं पता है। शिकायत के बाद भी नगर निगम यहां सफाई नहीं कर रहा है सिर्फ कागजों में ही सफाई हो रही है। यदि कोई एनजीओ इस परमानंद वाटिका को साफ–सुथरा बनाने के लिए गोद लेना चाहती है तो नगर निगम उसे गोद भी नहीं देना चाहता है और न ही वाटिका की साफ–सफाई की तरफ ध्यान दे रहा। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के चार्टर प्रेसिडेंट डा.धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि वे परमानंद वाटिका को गोद लेकर लोगों को एक स्वच्छ पार्क उपलब्ध कराना चाहते है। इसके लिए वे नगर निगम जोनल प्रभारी

सुनील राय, नगर आयुक्त दिनेश चंद व मेयर आशा शर्मा को परमानंद वाटिका गोद लेने के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके है। कई माह बीत जाने के बाद भी नगर निगम की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। वे चाहते है कि वसुंधरा में रहने वाले लोगों को सुबह–शाम घूमने के लिए एक स्वच्छ पार्क मिल सके। इसके लिए वे वाटिका की सफाई के साथ ही लोगों के लिए अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे। लेकिन नगर निगम नहीं चाहता कि वसुंधरा के लोगों को साफ–सुथरा पार्क मिल सके। तभी तो निगम इसे गोद नहीं देना चाहता है और न ही इसकी साफ सफाई कराता। सेक्टर–12 वसुंधरा के लोग गंदगी में रहने को मजबूर है। इसमें न ही लाइट की व्यवस्था है और न ही लोगों के घूमने के लिए पैदल पथ की व्यवस्था है। निगम को परमानंद वाटिका की तरफ ध्यान देने की जरूरत है। आसपास झुग्गी–झोपड़ी भी बसी हुई है। जिससे यहां कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। ये कुत्ते आए दिन लोगों को काटते रहते है। नगर निगम को इन कुत्तों को भी पकड़ना चाहिए।

वसुंधरा सेक्टर–10ए के सामने ग्रीन बेल्ट पर हो रहा है कब्जा, नगर निगम बना हुआ है अंजान

वसुंधरा : वसुंधरा सेक्टर–10ए के सामने कुछ लोग ग्रीन बेल्ट पर कब्जा कर रहे है। कब्जाधारियों ने ग्रीन बेल्ट में इंटरलॉकिंग टाइल्स व मिट्टी तक डलवा दी है। वे यहां पार्किंग बना रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम सो रहा है तभी तो लोग ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण कर रहे है। वसुंधरा सेक्टर–10ए स्थित नित्या होम्स डेवलपर्स के सामने लिंक रोड किनारे ग्रीन बेल्ट बनी हुई है। इसकी देखरेख नगर निगम द्वारा की जाती हैं। लेकिन नगर निगम पिछले कई साल से इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिस कारण लोग ग्रीन बेल्ट पर कब्जा कर रहे है। शुक्रवार को भी कुछ लोगों ने सेक्टर–10ए के प्लाट नंबर–9 के सामने ग्रीन बेल्ट पर मिट्टी व इंटरलॉकिंग टाइल्स डलवा दी और पार्किंग के

लिए कब्जा कर रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम कुभकरण की नींद सोया हुआ है। लिंक रोड किनारे बनी ग्रीन बेल्ट पर लोगों द्वारा कब्जे किए जा रहे है। यहां कब्जा कराने में नगर निगम कर्मचारियों का भी हाथ है।

फिर शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष

गाजियाबाद : स्वास्थ्य विभाग ने मिशन इंद्रधनुष के चौथे चरण के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। 2 मार्च से मिशन इंद्र धनुष अभियान–2 शुरू होगा। बुधवार और शनिवार को छोड़कर सात कार्य दिवसों में 2191 गर्भवती और 11366 बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। टीकाकरण के लिए लक्षित बच्चों में दो वर्ष तक के टीकाकरण से छूटे और ड्रॉप आउट टीकाकरण बीच में छोडने वाले बच्चों को शामिल किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनके गुप्ता एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एसीएमओ डा. विश्राम सिंह ने मंगलवार को संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आशा और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की मदद से सूची तैयार कर ली है, जिनका टीकाकरण होना है। उसी के हिसाब से माइक्रो प्लान तैयार किया गया है। बताया गया है कि तमाम बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे टीकाकरण का लोग लाभ उठाएं। मिशन इंद्र धनुष के तहत टीकाकरण का चौथा चरण 2 से 10 मार्च तक चलेगा। उन्होंने बताया टीकाकरण का प्रतिरोध करने वाले क्षेत्रों जैसे नटों का मोहल्ला और भोपुरा की इकबाल कालोनी में टीकाकरण के लिए जिला प्रशासन की मदद ली जाएगी। इसके अलावा धर्म गुरुओं का सहारा लेकर भी लोगों में फैली भ्रांतियां दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

सीए ने सीबीआई कोर्ट में किया सरेंडर

गाजियाबाद : नोएडा के बर्खास्त आयकर आयुक्त के मामले में आरोपित सीए ने मंगलवार को सीबीआई की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया। आरोपित सीए राजनगर निवासी अनिल कुमार हैं। सीबीआई ने हाल में ही पूर्व आयकर आयुक्त संजय श्रीवास्तव के मामले में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र में भ्रष्टाचार के आरोपित पूर्व आयुक्त संजय श्रीवास्तव के सीए अनिल कुमार का नाम भी शामिल है। आरोप पत्र में सीए अनिल पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद सीबीआइ की विशेष कोर्ट ने अनिल के खिलाफ हाजिर होने का वारंट जारी किया था।

प्लान बदला, इंदिरापुरम एक्सटेंशन के नाम से नहीं बसेगी कॉलोनी

गाजियाबाद : जीडीए इंदिरापुरम एक्सटेंशन नाम से कॉलोनी नहीं बसाएगा। महीउद्दीन कनावनी गांव की जमीन पर नया विकास इंदिरापुरम आवासीय योजना के अंतर्गत ही किया जाएगा। जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने मंगलवार को बताया कि पर्याप्त जमीन की व्यवस्था न होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया गांव की अधिग्रहित भूमि पर अब तक तीन ग्रुप हाउड्क्षसग के बड़े भूखंड नियोजित किए गए हैं। उनको शनिवार को नीलाम किया जाएगा। यह जानकारी भी दी कि ग्रुप हाउसिंग के भूखंड की कीमत 99750 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय की गई है। वर्ष 2005 में इंदिरापुरम एक्स्टेंशन कॉलोनी बसाने के लिए ग्राम महीउद्दीनपुर कनावनी की भूमि का अधिग्रहण शुरू किया गया था। मूल योजना के तहत इस कॉलोनी को 229.54 एकड़ में बसाना था। मुआवजे को लेकर किसानों से चले विवाद के कारण जीडीए पूरी जमीन अधिग्रहण नहीं कर पाया। मात्र 60 एकड़ भूमि ही मुआवजा देकर कब्जे में ली जा सकी। ले–आउट तैयार करने पर सड़क, नाले और सीवर लाइन की जगह निकालने के बाद करीब 40 एकड़ भूमि की जीडीए के पास बची। इसमें भी बीच–बीच में कई जगह किसानों की कब्जे वाली जमीन है।

टैक्स जमा नहीं करने पर चार संपत्ति सील

गाजियाबाद : टैक्स जमा नहीं करने पर नगर निगम ने शनिवार को चार बकाएदारों की संपत्ति सील कर दी। निगम अधिकारियों का कहना है कि अब भी टैक्स जमा नहीं होता तो इन संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि समस्त जोनल प्रभारियों, टैक्स अधीक्षक व राजस्व निरीक्षक द्वारा टैक्स वसूली का अभियान चलाया गया। कविनगर, वसुंधरा, मोहन नगर व सिटी जोन में एक–एक बकायदारों की संपत्ति को सील कर दिया गया। इन पर लाखों रुपये का टैक्स बकाया है। बता दें निगम के टैक्स विभाग ने 1500 बड़े टैक्स बकाएदारों को चिह्नित किया है।

मैप अप्रूवल सॉफ्टवेयर में अंग्रेजी में काम नहीं कर पा रहे जीडीए कर्मी

गाजियाबाद : ऑनलाइन बिल्डिंग मैप अप्रूवल सॉफ्टवेयर में हिंदी में कार्य करने का प्रावधान किए जाने की मांग शासन से की गई है। जीडीए ने आवास विभाग को सॉफ्टवेयर में संशोधन के लिए इस समेत 15 सुझाव भेजे हैं। जीडीए अधिकारियों का कहना है प्राधिकरण के बाबू और कंप्यूटर ऑपरेटर हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद करना नहीं जानते। फाइलों पर हो रही नोटिंग भी हिंदी में है। ऐसे में सॉफ्टवेयर पर अंग्रेजी में काम करना संभव नहीं हो पा रहा है। पांच महीने से भवनों के नक्शे ऑनलाइन बिल्डिंग मैप अप्रूवल सॉफ्टवेयर से स्वीकृत हो रहे हैं। सॉफ्टवेयर फीड हुए बायलॉज पर नक्शे को परखता है। फिर उसे स्वीकृत या अस्वीकृत करता है। जीडीए में समस्या सामने आई है कि कई सही नक्शे अस्वीकृत कर दिए गए और गलत नक्शों को स्वीकृत दे दी गई। पड़ताल करने पर मालूम हुआ सॉफ्टवेयर में बायलॉज के कई हिस्से फीड नहीं किए गए हैं। जिस वजह से समस्या आ रही है। यह सॉफ्टवेयर केवल अंग्रेजी भाषा को समझता है। ऐसे में जीडीए के नियोजन विभाग से जुड़े कर्मचारियों के सामने अंग्रेजी भाषा का पेंच फंस रहा है। इस वजह से जीडीए के चीफ आर्किटेक्ट एंड टाउन प्लानर (सीएटीपी) आशीष शिवपुरी ने आवास विभाग को सॉफ्टवेयर में बदलाव के लिए 15 सुझाव भेजे हैं। उसमें हिंदी भाषा में कार्य का प्रावधान कराने की मांग की है। आवास विभाग को भेजे गए सुझावों में बताया है कि एकल यूनिट के नक्शे में एक से ज्यादा किचिन दर्शाने पर भी सॉफ्टवेयर नक्शा स्वीकृत कर रहा है। इस खामी को दूर कराने के लिए कहा गया है। कॉर्नर के भूखंड पर साइड सेटबैक का प्रावधान सॉफ्टवेयर में कराने का सुझाव दिया है। हाईटेक और इंटीग्रेटेड टाउनशिप में 65 प्रतिशत भूमि पर निर्माण की इजाजत है, लेकिन मैप अप्रूवल सॉफ्टवेयर में इसका समावेश नहीं किया गया है। इस प्रावधान का समावेश करने के लिए कहा गया है। जीडीए के सीएटीपी ने आवास विभाग को बताया है कि साफ्टवेयर से कई ऐसे नक्शे प्राप्त हो रहे हैं जिसमें भूखंड संख्या, स्थान और भू–स्वामी का नाम समेत कई अन्य विवरण नहीं आ रहे हैं। इस खामी को दूर करने की गुजारिश की गई है।

प्लास्टिक का उपयोग कर बनाई गई सड़क

गाजियाबाद : नगर निगम ने मंगलवार को कविनगर में प्लास्टिक का उपयोग कर 500 मीटर सड़क का निर्माण किया गया। इस तरह से बनने वाली यह शहर की पांचवीं सड़क होगी। इससे पहले कविनगर, संजयनगर, पुलिस लाइन और लोहियानगर प्लास्टिक का उपयोग कर सड़क बनाई जा चुकी है। मेयर आशा शर्मा और नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने पूजन के बाद सड़क निर्माण कार्य का शुभरंभ किया। बजे कविनगर जोन स्थित वार्ड संख्या–91 में केके–1 से केडी–1 तक जब्त की गयी प्रतिबंधित प्लास्टिक वेस्ट सामग्री का उपयोग करते हुए रूपये 14.33 लाख की लागत से 500 मीटर की सडक निर्माण कार्य किया गया।

15 पुलिया और 17 अंडरपास का निर्माण अंतिम चरण में

गाजियाबाद : दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे के यूपी गेट से डासना तक के हिस्से का काम अब दिन–रात तेजी से चल रहा है। 15 पुलिया और 17 अंडरपास का निर्माण अंतिम चरण में है। तीन मुख्य अंडरपासों में से वेब सिटी का अंडरपास वाहनों के लिए चालू हो गया है। हालांकि पब्लिक ने खुद ही इसे चालू किया है लेकिन काम पूरा हो गया है। इसके अलावा महरौली के दो और बम्हैटा का एक अंडर पास भी पूरा हो गया है। बम्हैटा के अंडरपास से भी वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। इसकी सड़क थोड़ी अपूर्ण है। इस प्रोजेक्ट के पांच किलोमीटर के दायरे में अतिरिक्त लेबर लगाई गई है।

दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे

प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा के लिए नामित नोडल अधिकारी सीईओ ग्रेटर नोएडा नरेंद्र भूषण ने भी इस चरण की प्रगति रिपोर्ट मंगवाई है।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चौयरमेन के अलावा स्थानीय अफसर अब हर सप्ताह साइट पर जाकर निर्माण कार्यों का जायजा ले रहें है। दूसरे के साथ ही चौथे चरण के कार्यों की प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा मॉनेटिरिंग की जा रही है। दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे के दूसरे चरण का काम 70 फीसदी पूरा हो गया है। अब केवल तीस फीसदी कार्य बचा हुआ है।

पॉलीथिन पकडने को बनेगा चेकपोस्ट

गाजियाबाद : दिल्ली से आने वाली प्रतिबंधित पॉलीथिन को पकडने के लिए अपसरा के पास नगर निगम चेकपोस्ट बनाएगा। निगम के कर्मचारी पुलिस के साथ मिलकर गाजियाबाद में आने वाली पॉलीथिन को पकड़ेंगे। इससे शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाने में मदद मिलेगा। नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने बताया कि नगर निगम की टीम शहर को पूरी तरह पॉलीथिन मुक्त बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। पॉलीथिन प्रयोग करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। लगातार पॉलीथिन जब्त की जा रही है। मगर इसके बावजूद भी शहर में पॉलीथिन की आपूर्ति हो रही है। संभवत दिल्ली की तरफ से वाहनों में शहर में पॉलीथिन आ रही है।

मुतवल्ली ने बेच दी करोड़ो रूपये की वक्फ की संपत्ति

गाजियाबाद : रमतेराम रोड और बजरिया इलाके में करोड़ों रुपये की वक्फ की संपत्ति बेचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मुतवल्ली ने वक्फ की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर दी। आरोपित ने जुलाई 2019 में बजरिया में दो भूखंडों का फर्जी तरीके से पट्टा भी कर दिया। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने सोमवार को एसएसपी को पत्र लिखकर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कराने के साथ गुंडा व गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी डा. अमृता ड्क्षसह ने बताया कि रमतेराम रोड, बजरिया और घंटाघर इलाके में वक्फ की अरबों रुपये की संपत्ति है। यह इस्मालिया वक्फ संपत्ति है, जो वक्फ बोर्ड में वक्फ नंबर 209 ईएक्स द्वितीय में अंकित है। यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने सलीम निवासी रमतेराम रोड को साल 2003 में इस संपत्ति का मुतवल्ली बनाया था। इसने अपने पद का गलत इस्तेमाल कर वक्फ की संपत्ति बेचनी शुरू कर दी। जानकारी होने पर बोर्ड ने सलीम को 2013 में मुतवल्ली के पद से हटा दिया। इसके बाद आरोपित को भतीजे को मुतवल्ली बना दिया गया। मुतवल्ली के पद से हटाए जाने बाद भी सलीम फर्जी तरीके से वक्फ की संपत्ति को बेचता रहा। वहीं मुतवल्ली ने इसे साजिश का हिस्सा बताया।

संपत्तियों को फ्री होल्ड करने पर जीडीए की रोक लगाने की तैयारी

गाजियाबाद : अवैध निर्माण रोकने के लिए जीडीए ने संपत्तियों को फ्री–होल्ड करने पर रोक लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका प्रस्ताव बना लिया गया है। बोर्ड सदस्यों की सहमति लेकर इसे शासन को भेज दिया जाएगा। जीडीए अधिकारियों ने बताया कि रोक लगाने पर फैसला शासन ही ले सकता है। वर्ष 1995 में लीज की जमीन और एकल यूनिट मकानों को फ्री–होल्ड करने का शासनादेश आया था। उसमें भूखंड और मकान की मूल कीमत का 12 प्रतिशत फ्री–होल्ड शुल्क लेने का प्रावधान किया गया था। उसमें यह भी स्पष्ट किया गया था कि जो भूखंड और मकान रियायती दरों पर दिए गए हैं, उनको फ्री–होल्ड नहीं किया जा सकता। इस शासनादेश के आधार पर जीडीए ने 1.40 लाख संपत्तियों में से 60 फीसद को फ्री–होल्ड कर दिया। देखने में आया लीज संपत्ति पर अवैध निर्माण नहीं हुआ, जबकि फ्री–होल्ड संपत्तियों पर नक्शे से हटकर निर्माण कर लिया गया। जीडीए के संपत्ति अनुभाग के अधिकारियों ने वीसी कंचन वर्मा को सुझाव दिया कि संपत्तियों को फ्री–होल्ड करने पर रोक लगा दी जाए तो अवैध निर्माण होने से रोके जा सकते हैं। उनकी सहमति मिलने पर जीडीए के संपत्ति अनुभाग ने फ्री–होल्ड पर रोक लगाने का प्रस्ताव किया है।

वाणिज्य कर विभाग ने मनाया स्थापना दिवस

गाजियाबाद : वाणिज्य कर विभाग ने बुधवार को 72वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभाग की और से व्यापारियों, अधिवक्ता ओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समय पर टैक्स देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड– 1 अरविंद कुमार और तरसेम लाल के गीतों ने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में जीएसटी पंजीयन कैम्प भी लगाया गया। कार्यक्रम में आए व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन के फायदों से परिचित कराया गया।

जीडीए का आठ हजार डिफाल्टरों पर 4.65 अरब से अधिक बकाया

गाजियाबाद : जीडीए ने ओटीएस स्कीम के लिए डिफॉल्टरों की सूची तैयार की है, जिसमें आठ हजार से अधिक डिफाल्टरों पर प्राधिकरण का करीब 4.65 अरब रुपया बकाया है। एकमुश्त समाधान योजना के तहत सूची तैयार कर शासन को भेजी गई है। इसमें सर्वाधिक तीन हजार से अधिक डिफाल्टर नंदग्राम के हैं, जबकि सबसे कम एक कोयल एन्क्लेव का है। जीडीए ने कई वर्षों से विभिन्न आवासीय योजनाओं के तहत लोगों पर कई अरब की संपत्ति का बकाया है। प्राधिकरण ने डिफाल्टरों से वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) आरंभ की है। इसके तहत शासन को करीब दो दर्जन आवासीय योजनाओं में डिफाल्टरों की सूची तैयार कर शासन को भेजी गई है। सर्वाधिक 3061 डिफाल्टर नंदग्राम के हैं, जबकि दूसरे नंबर पर तुलसी निकेतन में 1697 एवं तीसरे नंबर पर 1624 डिफाल्टर इंदिरापुरम के हैं। इनमें सर्वाधिक 190 करोड़ रुपये से अधिक इंदिरापुरम के डिफाल्टरों पर है। इसके अलावा बाल्मिकी कुंज, इंदिरा कुंज, उदय नगर, वैशाली, संजय नगर, मधुबन बापूधाम, प्रताप विहार, स्वर्ण जयंती पुरम, तुलसी निकेतन, कौशांबी, इंद्रप्रस्थ, शास्त्री नगर, यूपी बार्डर चिकमपुर आदि के 8294 डिफाल्टर शामिल हैं।

काट दी सीएचसी की बिजली, 20 घंटे बाद दोबारा शुरु की गई बिजली सप्लाई

गाजियाबाद : बिजली का बिल बकाया होने पर विद्युत निगम ने डासना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का कनेक्शन सोमवार शाम को काट दिया। बिजली गुल होने से मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार दोपहर बाद सीएमओ की ओर से की गई शिकायत के बाद सीएचसी का कनेक्शन जोड़ा गया। रात भर सीएचसी अंधेरे में डूबी रही और सुबह जनरेटर के जरिए ऑपरेशन किए जा सके। डासना सीएचसी पर दो महीने का लगभग चार लाख रुपए बिजली का बिल बकाया है। सीएचसी प्रभारी के अनुसार सोमवार शाम सात बजे बिजली कट गई। जिसके चलते रात भर सीएचसी पर अंधेरा रहा।

पत्रकार एसोसिएशन का होली मिलन कार्यक्रम 8 मार्च को

गाजियाबाद : गत वर्ष की भांति इस बार भी पत्रकार एसोसिएशन गाजियाबाद होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम 8 मार्च दिन रविवार को आयोजित होगा। इस संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यगणों ने अपनी–अपनी सहमति प्रदान की। इसके बाद बैठक में पत्रकारों के हित से जुड़ी अन्य कई बातों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सभी उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यगणों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में एसोसिएशन से जुड़े सभी पत्रकारों के हितार्थ हेतु फंड एकत्रित करने पर भी विचार–विमर्श किया गया। आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय जैन, योगेश कौशिक, संदीप सिंघल, डा.धीरज भार्गव, तोषिक कर्दम, आशित त्यागी, संजीव वर्मा, रेखा अग्रवाल, सी.एन. राही, सोबरन सिंह, अजय रावत, मुकेश गुप्ता, सुनील शर्मा, अशोक कुमार, नरेश राजपूत, किशन स्वरूप, रवि तुषार, मनीष गुप्ता, सुधीर रस्तौगी, जावेद खान, आशीष रघुवंशी, मुकेश कर्दम, शिवम गिरी, मनोज शर्मा, दिनेश गौड़, राशिद अली, वीरेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार आदि दर्जनों पत्रकार मौजूद थे।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 1221 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी बोर्ड की परीक्षा

गाजियाबाद : यूपी बोर्ड की बुधवार को पहली पाली में हाईस्कूल की सिलाई विषय की परीक्षा हुई। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य और इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। किसी भी केंद्र पर नकल का मामला नहीं मिला। हाईस्कूल की वाणिज्य की परीक्षा के लिए कुल 1889 छात्र–छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 1810 ने परीक्षा दी जबकि 79 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के लिए कुल 23070 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 21928 ने परीक्षा दी।

कैंप लगाकर और लाउड स्पीकर पर दी ओटीएस की जानकारी

गाजियाबाद : जीडीए ने एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की जानकारी देने के लिए मंगलवार को कई कॉलोनियों में कैंप लगाए। लाउड स्पीकर पर गली–गली प्रचार किया गया और पर्चे बांटे। रिकॉर्ड में लिखे बकाएदारों के पते से नोटिस वापस लौटने के कारण जीडीए को यह कदम उठाना पड़ रहा है। जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने बताया कि इस प्रयास के बाद कोई बकाएदार यह नहीं कह पाएगा कि उन्हें इस योजना की सूचना नहीं दी गई। जीडीए ने राजेंद्रनगर, इंदिरापुरम, संजयनगर, स्वर्णजयंतीपुरम, गोविंदपुरम समेत कई कॉलोनियों में कैंप लगाकर बकाएदारों को ओटीएस योजना की जानकारी दी। बताया कि इस योजना के तहत आवेदन करने पर बकाया राशि में जुड़ा पैनलटी ब्याज माफ कर दिया जाएगा। इसके अलावा दो फीसद की छूट दी जाएगी। बताया कि 50 लाख रुपये तक एक तिहाई बकाया राशि का भुगतान मांग पर तत्काल करना होगा और बाकी राशि का भुगतान तीन किस्तों में करने का मौका दिया जाएगा। 50 लाख रुपये से अधिक बकाया राशि पर भुगतान के लिए छह किस्तें बनाई जाएंगी। जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने बताया कि करीब 7600 छोटे–बड़े बकाएदारों पर 800 करोड़ रुपये बकाया है। ओटीएस की छूट के बाद इनसे 400 से 500 करोड़ रुपये के बीच आय होने की उम्मीद है।

कागज की गड्डी थमाकर 32 हजार ठगे

साहिबाबाद : शालीमार गार्डन में दो लाख रुपये का झांसा देकर ठगों ने एक व्यक्ति से 32 हजार रुपये ठग लिए। ठग पीडित को कागज की गड्डी थमाकर 32 हजार रुपये ठगे। पीडित ने साहिबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीडित प्राणजीत कुमार गणेशपुरी शालीमार गार्डन में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को शालीमार गार्डन के एक बैंक से 32 हजार रुपये निकालने गए थे। वह रुपये रुपये लेकर बैंक से बाहर आ रहे थे। तभी एक व्यक्ति ने उनसे 2000 खुले मांगे। उन्होंने खुले रुपये दे दिए। व्यक्ति ने प्राणजीत से कहा कि वह चार लाख रुपये चोरी करके लाया है। इसको लेकर ठगी की।

दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे से जुड़ेगा सिद्धार्थ विहार

साहिबाबाद : सिद्धार्थ विहार और गाजियाबाद से दिल्ली जाने वाले लाखों लोगों का सफर जल्द ही आसान होने जा रहा है। आवास विकास परिषद ने सिद्धार्थ विहार की 50 मीटर रोड का टेंडर जारी कर दिया है। जल्द ही सिद्धार्थ विहार की मुख्य सड़क का निर्माण शुरू कर इसे दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस वे से जोड़ दिया जाएगा। इस रोड से वाहनचालक आसानी से दिल्ली से गाजियाबाद में एंट्री कर सकेंगे। वहीं यू टर्न लेकर आसानी से दिल्ली पहुंच सकेंगे। आवास विकास परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना को 50 मीटर रोड दो हिस्सों में बांटती है। इस रोड के एक ओर सेक्टर एक, तीन, पांच, सात और नौ हैं तो दूसरी ओर सेक्टर दो, चार, छह, आठ दस हैं। यह 50 मीटर रोड लंबे समय से खस्ताहाल थी। अब आवास विकास परिषद ने करीब सवा दो करोड़ की लागत से इस सड़क का निर्माण शुरु करवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही सड़क का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। यह रोड एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड से जुड़ेगी। अभी तक यह रोड सिद्धार्थ विहार योजना के अंदर ही बनी है। खस्ताहाल भी है। इसे अब एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा। इसके बाद दिल्ली से आने वाले वाहनचालक सीधे सिद्धार्थ विहार में एंट्री कर सकेंगे।

EDITORIAL

Keep up the pressure: decision by FATF on Pakistan

The decision by global watchdog, the Financial Action Task Force (FATF), at its plenary in Paris last week, to keep Pakistan on its "greylist" for monitoring its record against terror financing was no surprise. While the Pakistan government has yet to complete the 27-point action plan it was given in June 2018, it has, according to the FATF, made some progress. As a result, the 39-member group that includes India decided to extend Pakistan's September 2019 deadline until June 2020. Actions Pakistan still needs to carry out include tightening security and banking restrictions to block loopholes through which designated groups including the Taliban, al-Qaeda, Lashkar-e-Taiba and Jaish-e-Mohammad access funding. It also calls on Pakistan to begin prosecutions against terrorists and sanction entities that are flouting the UNSC's rules for designated terror organisations. The FATF Chairman's final comment says Pakistan must comply with all 27-action points — it has cleared about 14 — in the next four months or face financial strictures by being placed on the "blacklist". Pakistan is one of 18 countries on the greylist; Iran and North Korea are on the blacklist.

The FATF's sharp language is significant, yet according to the force's consensus rules, Pakistan believes it might be able to slip through the deadlines if it is able to ensure that three countries, China, Turkey and Malaysia, which have pledged support, veto any move to blacklist it. Pakistan also appears to have benefited from playing a role in U.S.-Taliban talks as it seems the U.S. and its allies are not enforcing the deadline to complete the action plan as before. A senior U.S. official's statement in January welcoming Pakistan's progress in its FATF commitments may have set the stage for the final plenary decision. While the FATF's Chairman's wording was strong, it was a repetition of the threat he served Pakistan last year, and there is a danger that Pakistan, a country that has not sustained punitive action against thousands of designated terrorists and entities, will feel immunity from the process. The Pakistani court's hurried conviction of LeT chief Hafiz Saeed on terror financing charges just before the Paris meet appeared to be a command performance, and its shocking submission to the FATF that it cannot trace Masood Azhar must be scrutinised further by the international body. Among other issues on the agenda during U.S. President Trump's India visit, it is necessary that India raises the need to continue to hold Pakistan to account on terror, and not flag in attention just when the FATF process has begun to extract results from Islamabad.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

Noida Sector 18 traders demand control room to monitor CCTVs

NOIDA: In the aftermath of the Sector 12 jewellery showroom robbery, traders of Sector 18 market have offered to install 60 CCTV cameras in the area and demanded space to set up a control room for monitoring the cams for continuous surveillance. Sushil Kumar Jain, president of Sector 18 market association, said they had provided some 65 CCTV cameras around three years back but most of them were dysfunctional as the wires have either been stolen or cut and due to lack of maintenance. "For continuous monitoring, it is best that one of our operators too sits in the control room. We will also get five gunmen for the market.

Ghaziabad stamps department to recover duty on extra FAR

GHAZIABAD: Keen to shore up revenues, the district stamps and registration department plans to recover from developers stamp duty pending on additional floor area ratio (FAR) purchased from the Ghaziabad Development Authority (GDA). Citing a government order, the department has sought from GDA details of all such developers who bought extra FAR in the past five years, officials said. The state government, for the current fiscal, has set a target of Rs 16.74 crore as stamp duty, and the Ghaziabad stamps and registration department has so far met 85% of the target. If stamp duty on additional FAR is recovered from developers, officials believe it would help the department meet its annual revenue target. AIG (stamps) KK Mishra told TBC that there's a provision to pay stamp duty on additional FAR as per a 2015 government order (GO). "But the GO was never implemented as a group of 28 builders had in 2016 moved the Allahabad HC against it and secured a stay," he said. "However, we have now received fresh orders from the government for implementing the GO and so we have sought details from GDA of developers who availed purchasable FAR so that we could issue notices to them for recovery of pending stamp duty," added Mishra. The department, in the meantime, has referred the matter to the standing council over the status of the case that was filed by a consortium of builders. The GDA normally allows 2.5 FAR, but a developer can seek up to 3.75 FAR from the development authority at an additional cost. which is 60% of the land cost in case of commercial property and 40% in case of group housing societies.

Fake Aadhaar, PAN cards used for duping banks, 2 held

NOIDA: Two men, accused of duping banks of crores of rupees using credit cards made on the basis of forged Aadhaar and PAN cards, have been arrested from Greater Noida by the Uttar Pradesh police, officials said on Wednesday. The Special Task Force (STF) of the state police also recovered electronic data of 25,000 citizens which includes their phone numbers, Aadhaar and PAN details along with a separate list of Aadhaar and PAN details of another 6,000 people from the duo, officials said. The officer said the duo was arrested and jailed in 2013 over a fraud case in which they had duped a personal assistant of the then Chhattisgarh chief minister.

Three-day flower show inaugurated at Ramlila Ground in Noida

NOIDA: The CEO of Noida Authority, Ritu Maheshwari inaugurated the 34th edition of the popular annual Noida flower show at the Ramlila Ground in Sector 21A on Friday. The show is held every year by the Authority in collaboration with the Floriculture Society of Noida. Visitors to the annual flower show took to social media to post photographs of the flowers on display. The show will last from February 21-23. The theme for this year's show is Dianthus. Over 3,500 species of flowers and plants will be showcased in the show. Commenting on the show, Authority CEO, Ritu Maheshwari said, "The focus of the show is to highlight the air-purifying plants and say no to plastic. The emphasis this year is on reducing waste and need for recycling and grow plants." Visitors quickly took to social media to start posting pictures of the wide range of flowers at the show. The Instagram hashtag #noidaflowershow has been used widely by people while posting pictures. As part of the three-day event, there will be a kiosk to give plants in exchange for plastic which will be organised by Human Touch Organisation. Nukkad Nataks are also being staged on the same topic. Schools like Delhi Public School are also participating in the show. A promotional stall for the upcoming Jewar airport has also been put up.

CP-like plan to end car chaos in Noida's Sector 18 market

NOIDA: The congested Sector 18 market area will soon have marked spots to tell visitors where they can park their vehicles and where they can't. The Noida Authority CEO on Tuesday asked officials to finish a survey soon and create designated spots for parking of vehicles. Officials said the entire market area was being surveyed to mark zones where vehicles would be allowed and areas that can be accessed only on foot, such as the Tikona Park. These parking spaces would be in addition to the multilevel car park that has direct access to the market area. Despite the multilevel parking facility, people tend to park their vehicles haphazardly along shops they intend to visit. Last year, the authority and traffic police had proposed turning the entire Sector 18 market area vehicle-free, but the plan had met with resistance from traders and shopkowners. They claimed it would reduce crowd and slow down business. "Steps are being taken to reduce congestion and create pedestrian-friendly zones, where people can walk and enjoy with their families. We may also introduce some new activities soon. The entire area may be like Connaught Place, where vehicles are not allowed in certain parts," said Rajeev Tyagi, general manager of the Noida Authority. The Authority is also set to float by March tenders for some of its major infrastructure projects, such as the city's second golf course and habitat centre in Sector 151A, Parthala Chowk flyover and a skywalk between Botanical Garden metro station and the Sector 18 market. The CEO on Tuesday reviewed the progress and asked officials to expedite work. A blueprint to decongest the Master Plan 1 road is also expected to be finalised soon as RITES is likely to submit its survey report. Traffic police had prepared a report and given it to the authority about 15 days ago.

Want driving licence? You may have to watch traffic film first

GHAZIABAD: The district administration has asked transport department officials to prepare a film on traffic rules that can be shown to new applicants and those whose licences have been suspended or confiscated for violating road safety norms. The administration is planning to tie up with theatres across the district so that the film can be shown between 9.30 am and 10.30 pm. Till then, a projector will be set up at the RTO where the film can be shown. "The system will be in place in the next 15 days," said assistant regional transport officer (enforcement) Rajesh Singh. DM Ajay Shankar Pandey said, "A violator will now have to show proof that she/he has seen the film and complete all other formalities, like filing an affidavit, before a decision on restoration of licence can be taken." "Licence can be suspended for four offences — speeding, overloading, jumping red lights and drunk driving. It can be suspended for one month to six months for these offences. The transport department has been asked to seek legal advice regarding adding this new condition of watching a film based on traffic rules.

Noida's power infrastructure upgrade by March?

NOIDA: The ongoing power infrastructure upgrade work is set to enhance transmission capacity in Noida and Greater Noida by 80%, officials said. Last year, the peak summer demand was 1,400 mW in the twin cities. Once the work is complete, Uttar Pradesh Power Transmission Limited (UPPTL) will be ready with 2,400 mW capacity transmission facilities, officials said. "I have told PVVNL officials that they should complete construction of 33 kV lines and 33/11 kV substations by March 31.

Bodies of two youths found in Bulandshahr region

MEERUT: Twenty days after a tragic accident in which an SUV fell into Upper Ganga Canal in Muradnagar region of Ghaziabad, bodies of two missing youths, including a girl, have now been found 48 km away from the site of accident in Sikandrabad town of Bulandshahr. The incident had occurred on the night of February 1 when an SUV carrying six students, all in their early 20s, fell into a canal near Muradnagar. While two of them swam to safety, four others remained missing. Despite all attempts, they could not be traced. Two bodies were recovered eight days after the incident. But, two others were still missing. Now the bodies of two of the missing youths have been found and identified through the documents on them. The bodies are said to be in decomposed state. The girl, identified as Kanika, belonged to Dehradun while the other youth, Himanshu, was from Muzaffarnagar. Himanshu's father Sukhbir Singh said, "My son Himanshu along with his friends Nishant, Anmol, Srishti, Kanika and Harshit were travelling from Dehradun to Delhi.

Woman's body stuffed in sack found in Greater Noida

NOIDA: An unidentified woman's body was found stuffed in a sack in Greater Noida on Thursday, with police suspecting that she was killed elsewhere and later dumped in Gautam Buddh Nagar, officials said. The body was found in the bushes along the Yamuna Expressway near Murshadpur under the Dankaur police station limits, they said. "The body was found wrapped in a blanket and stuffed inside a plastic sack. The victim appears to be around 45-50 years of age. Prima facie, it looks like she was killed elsewhere and her body was disposed here," a police official said.

This January, street crimes down by 30%

